**03/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज घाना की संसद को संबोधित किया। दुनिया भर में रिकॉर्ड 14 भाषण देने के बाद, यह विदेशी विधायिकाओं में उनका 15वां संबोधन है। इससे पहले, श्री मोदी ने घाना की उपराष्ट्रपति **जेन नाना ओपोकू-अग्येमांग** के साथ **अकरा** में **क्वामे नक्रूमा मेमोरियल पार्क** का दौरा किया। उन्होंने घाना के लोकतंत्र, गरिमा और लचीलेपन की प्रशंसा की। पीएम मोदी ने भारत के विविध राजनीतिक परिदृश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैश्विक दक्षिण की आवाज़ को बढ़ाने के लिए वैश्विक शासन में विश्वसनीय सुधारों का आह्वान किया और भारत के "एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य" के जी20 दृष्टिकोण का हवाला दिया।

0000000000000000000000

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 21 जुलाई से 21 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर 13 और 14 अगस्त को कोई बैठक नहीं होगी।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के डी.के. ऑडिटोरियम में राज्य विधान सभा के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्‌घाटन किया।

स्वर्ण जयंती स्मारक पट्टिका का अनावरण करते हुए राज्यपाल ने आधिकारिक तौर पर 45 दिनों तक चलने वाले समारोह की शुरुआत की, जिसमें राज्य की विधायी उत्कृष्टता और मजबूत लोकतांत्रिक भावना के 50 वर्षों का सम्मान किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने स्वर्ण जयंती का आधिकारिक थीम गीत जारी किया, जबकि उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने इस अवसर का प्रतीक स्मारक बैज लॉन्च किया।

000000000000

दापोरिजो के तालार दुई को गुजरात के **बेलेव्यू सरोवर प्रीमियर** में खाद्य और पेय क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी चुना गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में खबर को साझा करते हुए उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने बताया कि दुई को राज्य सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता विभाग के माध्यम से प्रशिक्षित कर नौकरी दी गई। श्री दुई की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए श्री मेन ने कहा कि यह न केवल उनकी प्रतिभा और समर्पण को दर्शाता है, बल्कि युवाओं को सशक्त बनाने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

0000000000000000000000

रुक्सिन के मल्टीपर्पज ऑडिटोरियम हॉल में उद्यमी पंजीकरण मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई रुक्सिन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कुल 130 ऑफ़लाइन उत्पाद पंजीकरण एकत्र किए गए। स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने मेले के दौरान लगभग ₹35,000 की बिक्री करने में कामयाबी हासिल की।

उद्यमी पंजीकरण मेला एक उद्यमी पंजीकरण अभियान है जिसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और उनके परिवारों को सशक्त बनाना है।

000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 2 जिलों पापुम पारे और छहंगलांग जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट और अन्य 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज बहुत तेज बारीश होने की सभावना है।

0000000000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज हरियाणा के मानेसर स्थित **इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी** में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का उद्घाटन किया। दो दिवसीय सम्मेलन का विषय है - संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका। सम्मेलन का उद्देश्य तेजी से शहरीकरण कर रहे देश में शहरी स्थानीय निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करना है।

00000000000000000000

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली ने आज कहा कि कोविड वैक्सीन और अचानक हृदय संबंधी मौतों के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया है।

नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एम्स दिल्ली में पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर और स्लीप मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. करण मदान ने कहा कि कोविड वैक्सीन प्रभावी हैं और मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

00000000000000000000

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारतीय डाक विभाग बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजर रहा है। आकाशवाणी समाचार से खास बातचीत में मंत्री ने कहा कि पहली बार संगठन में मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि सीटीओ भारतीय डाक विभाग में नवाचार और तकनीकी प्रगति पर काम करेंगे।

000000000000000

देश में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा देशव्यापी स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (SSG) 2025 इस वर्ष 29 मई को शुरू किया गया था। यह भारत का सबसे बड़ा ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण है, जिसका उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण चरण-2 के परिणामों का आकलन करना और उन्हें सुदृढ़ बनाना है। इस मूल्यांकन का एक प्रमुख घटक नागरिक प्रतिक्रिया है, जिसे एक समर्पित नागरिक प्रतिक्रिया मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से एकत्र किया जा रहा है। लोग अपने फोन पर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण ऐप डाउनलोड कर सकते हैं और इसमें भाग ले सकते हैं।

000000000000